भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 2886
गुरुवार, 8 अगस्त, 2024/17 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

आन्ध्र प्रदेश में आरसीएस-उड़ान योजना

2886. श्री बस्तीपति नागराजू:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में प्रचालनशील मार्गों और विमानपत्तनों सहित क्षेत्रीय संपर्क योजना-'उड़े देश का आम नागरिक' (आरसीएस-उड़ान) के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश में आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है;

(ग) क्या सरकार का नए मार्गों और विमानपत्तनों के विकास सहित आन्ध्र प्रदेश में आरसीएस-उड़ान योजना का विस्तार करने के लिए भावी योजनाओं और पहलों का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): आंध्र प्रदेश राज्य में, क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के अंतर्गत अब तक 2 हवाईअड्डे और 32 मार्ग प्रचालनशील किए गए हैं।

कडप्पा हवाईअड्डे को 99.20 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया गया है। हवाईअड्डे को दिनांक 30.03.2017 को ट्रूजेट द्वारा चेन्नई, विजयवाड़ा, हैदराबाद और बेलगाम के मार्गों को जोड़ते हुए प्रचालनशील किया गया था। वर्तमान में कडप्पा से गैर-आरसीएस/वाणिज्यिक उड़ानें प्रचालनशील हैं।

आरसीएस योजना के अंतर्गत दिनांक 28.03.2021 को कुरनूल हवाईअड्डे को प्रचालनशील किया गया। कुरनूल को चेन्नई, बैंगलोर और विशाखापत्तनम से जोड़ने वाले आरसीएस मार्ग इंडिगो द्वारा प्रचालनशील हैं।

प्रकाशम बैराज, वाटर एयरोड्रोम को विकास और सीप्लेन परिचालन के लिए चिह्नित किया गया है और इसे राज्य सरकार द्वारा आरसीएस-उड़ान के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है।

(ख): आंध्र प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा अनुलग्नक में है।

(ग) और (घ): आंध्र प्रदेश में बोब्बिली, डोनाकोंडा और एलोर हवाई पट्टियाँ उड़ान योजना के अंतर्गत असेवित हवाईअड्डों की अनंतिम सूची में उपलब्ध हैं। असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का विकास वैध बोली के माध्यम से उन्हें चिह्नित किए जाने और चयनित एयरलाइन परिचालक (एसएओ) को सौंपने के बाद किया जाता है। इन हवाईअड्डों को जोड़ने वाले मार्गों के लिए अभी तक कोई वैध बोली प्राप्त नहीं हुई है।

अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश में आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधियां

(राशि करोड़ रूपए में)

आंध्र प्रदेश राज्य	स्वीकृत लागत	अब तक किया गया व्यय	पिछले तीन वर्षों में उपयोग की गई निधियां		
			वित्त वर्ष: 2021-2022	वित्त वर्ष: 2022-2023	वित्त वर्ष: 2023-2024
हवाईअड्डे और वाटर एयरोड्रोम	109.91	99.23	5.11	8.67	0.23

******